साई तेरी शिरडी का बड़ा सूंदर नजारा है

साई तेरी शिरडी का बड़ा सूंदर नजारा है,
तेरा समाधि मंदिर सारी दुनिया से न्यारा है,
साई तेरी शिरडी का बड़ा सूंदर नजारा है,

सदियों पहले शिरडी में साई ने वास किया,
अपनी तपस्या से जग में प्रकाश किया,
साई ने तप करके शिरडी को निखारा है,

अद्भुत समाधि मंदिर सब पापो को दूर करे,
जिसने भी दर्श किया पुण्यो से झोली भरे,
अनुपम छठा इसकी स्वर्ग सा नजारा है,
साई तेरी शिरडी का बड़ा सूंदर नजारा है

चरणों को पूज रहे सब भक्त दीवाने,
मंत्रो का शोक भहे यहाँ शीतल हवाओ में,
उधि तेरी चन्दन सी यही गौरव हमारा है,
साई तेरी शिरडी का बड़ा सूंदर नजारा है

साई प्रभु को यहाँ सच्चदानन्द कहते है,
शिरडी के कण कण में मेरे साई तो वस्ते है,
चलो भगतो जल्दी चलो तुम्हे साई ने पुकारा है,
साई तेरी शिरडी का बड़ा सूंदर नजारा है

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/8084/title/sai-teri-shirdi-ka-bada-sunder-najaara-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |